**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 556**

गुरुवार, 6 फ़रवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**हवाई सेवा के विस्तार हेतु योजना**

**556. श्री जिया उर रहमान:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों में हवाई सेवाओं के विस्तार हेतु नई योजनाओं पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में उक्त कितनी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख): नागर विमानन मंत्रालय ने आम जनता के लिए हवाई यात्रा को किफायती बनाते हुए देश के छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों में हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों से क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 21.10.2016 को क्षेत्रीय संपर्क योजना – 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) शुरू की है।

आरसीएस-'उड़ान' योजना के तहत बोली प्रक्रिया के पाँच चरण पूरे हो चुके हैं और अब तक देश भर में 88 असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों (13 हेलीपोर्टों और 2 वाटर एयरोड्रोमों सहित) को जोड़ने वाले 619 आरसीएस मार्गों को कार्यशील किया जा चुका है।

सरकार ने 120 नए गंतव्यों को जोड़ने के उद्देश्य से अगले 10 वर्षों के लिए संशोधित 'उड़ान' योजना शुरू करने की घोषणा की है।

*****